भारत सरकार
रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय
औषध विभाग

राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 2107
दिनांक 08 अगस्त, 2023 को उत्तर दिए जाने के लिए

जन औषधि केंद्रों को दवाइयों की आपूर्ति

2107. श्री सतीश चंद्र दूबेः

क्या **रसायन और उर्वरक** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) प्रत्येक राज्य में जन औषधि केंद्रों को दवाओं की आपूर्ति के लिए स्थापित वेयरहाउसों की राज्य-वार संख्या का ब्यौरा क्या है;
(ख) क्या बिहार राज्य में कोई वेयरहाउस नहीं है और बिहार में चल रहे जन औषधि केंद्रों को दिल्ली, झारखंड और अन्य राज्यों से दवाएं मंगवानी पड़ती हैं; और
(ग) यदि हां, तो बिहार में कब तक वेयरहाउस स्थापित किया जाएगा और इसकी क्या प्रक्रिया है?

उत्तर
रसायन एवं उर्वरक राज्य मंत्री (श्री भगवंत खुबा)

(क) से (ग): *प्रधान मंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना* (पीएमबीजेपी) की कार्यान्वयन एजेंसी, भारतीय औषध और चिकित्सा उपकरण ब्यूरो (पीएमबीआई) ने देश भर के केंद्रों को *जनऔषधि* दवाओं की आपूर्ति के लिए गुरुग्राम (हरियाणा) में एक केंद्रीय माल-गोदाम और चेन्नई (तमिलनाडु), बेंगलुरु (कर्नाटक), गुवाहाटी (असम) और सूरत (गुजरात) में चार क्षेत्रीय माल-गोदामों की स्थापना की है। इसके अतिरिक्त, पूरे देश में 36 वितरकों की नियुक्ति की गई है। ये केंद्र किसी भी माल-गोदाम या वितरक को दवाओं का आर्डर दे सकते हैं। पीएमबीआई ने सूचित किया है कि अब तक देश में वितरकों के मौजूदा नेटवर्क का विस्तार करने की कोई आवश्यकता नहीं है।

*****